**B18–HN (E)**

**Subject Code : 24**

**2018**

**HINDI (E)**

**GROUP—A**

$\frac{\textit{Full Marks}: 50}{\textit{Pass Marks}: 15}$; *Time* : 2 hours

*[ For Candidates offering in lieu of MIL ]*

**GROUP—A + B**

$\frac{\textit{Full Marks}: 100}{\textit{Pass Marks}: 30}$; *Time* : 3 hours

*[ For Candidates offering as an Elective Subject ]*

*The figures in the margin indicate full marks for the questions.*



http://www.assamboard.com

http://www.assamboard.com

http://www.assamboard.com

## GROUP—A (खण्ड—क)

( पूर्णांक : 50 )

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दो : 1×7=7

(क) सड़क किसकी कोई भी कहानी पूरी नहीं सुन पाती?

(ख) बड़े साहब ने नारद को भोलाराम के दरख्वास्तों पर वजन रखने की सलाह दी। यहाँ 'वजन' का तात्पर्य क्या है?

(ग) डूबने से डरने वाला व्यक्ति कहाँ बैठा रहता है?

(घ) 'मिरग' शब्द का मूल (तत्सम) रूप क्या है?

(ङ) लहू गर्म रखने के लिए मन में क्या रखना होता है?

(च) 'मृतिका' किस रूप में मातृरूपा बन जाती है?

(छ) खाली जगह की पूर्ति करो :

"जब तुम मुझे ______ रौंदते हो"

2. निम्नलिखित की सप्रसंग व्याख्या करो : 5

सत गुरु की महिमा अनँत, अनँत किया उपगार।
लोचन अनँत उघाड़िया, अनँत दिखावणहार॥

*अथवा*

बुरा जो देखन मैं चला, बुरा न मिलिया कोय।
जो दिल खोजा आपना, मुझ-सा बुरा न कोय॥

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दो : 3×6=18

(क) "क्यों जी, तुमने इसमें क्या देखा?" लेखक के इस प्रश्न के उत्तर में छोटे जादूगर ने क्या कहा?

(ख) निशानेबाज के रूप में छोटे जादूगर की कार्य-कुशलता का वर्णन करो।

(ग) नारद के द्वारा भोलाराम की बीमारी के बारे में पूछे जाने पर भोलाराम की पत्नी ने क्या उत्तर दिया था?



http://www.assamboard.com
http://www.assamboard.com
http://www.assamboard.com

(घ) सड़क कब और कैसे घर का आनंद कभी-कभी महसूस करती है?

(ङ) अपने घर आने का आमंत्रण देकर मीराँबाई श्याम से क्या कहती हैं?

(च) 'कलम और तलवार' शीर्षक कविता से हमें क्या प्रेरणा मिल सकती है?

**4.** नींव की ईंट की क्या भूमिका होती है? 4

***अथवा***

भारत के नव-निर्माण के बारे में लेखक ने क्या कहा है?

**5.** (क) निम्नलिखित में से **किन्हीं दो मुहावरों** का वाक्यों में प्रयोग करो : 1×2=2

नौ-दो ग्यारह होना ; दंग रह जाना ; श्रीगणेश होना ; अपने पाँवों पर खड़ा होना।

(ख) निम्नलिखित में से **किन्हीं चार के स्त्री**लिंग रूप लिखो : ½×4=2

राजा ; ठाकुर ; माली ; कवि ; शिक्षक ; मोर ; नर कोयल।

(ग) निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** की संधि करो : 1×2=2

इतिहास+इक ; उत्+चारण ; महा+उत्सव ; पो+अन।

(घ) निम्नलिखित में से **किन्हीं चार** के विपरीतार्थक शब्द लिखो : ½×4=2

प्रकाश ; आयात ; निराशा ; दयालु ; नाटा ; स्वाधीनता ; बुरा।

(ङ) निम्नलिखित में से **किन्हीं चार** के एक-एक पर्यायवाची शब्द लिखो : ½×4=2

पेड़ ; मनुष्य ; बादल ; हवा ; पुस्तक ; लता।



http://www.assamboard.com

http://www.assamboard.com

http://www.assamboard.com

(च) निम्नलिखित में से **किन्हीं चार** उपसर्गों/प्रत्ययों को जोड़कर एक-एक शब्द बनाओ : ½×4=2

परा ; अनु ; ता ; ओई ; पन ; एँ ; अक्कड़।

(छ) निम्नलिखित में से **किन्हीं चार** अनेक शब्दों के स्थान में एक-एक शब्द लिखो : ½×4=2

जिसके आने की तिथि न मालूम हो ; जो बहुत जानता है ; जिसका कोई शत्रु नहीं जनमा है ; जिसके पार देखा जा सके ; जो देने योग्य है ; जो मन को हर ले ; जो संगीत जानता है।

(ज) निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** वाक्यों को **शुद्ध** करो : 1×2=2

*(i)* मेरा नाम श्री आनंद शर्मा जी है।

*(ii)* लडका ने कहा कि मेरा पिताजी आ रहा है।

*(iii)* इस समय आपकी आयु तीस वर्ष की है।

*(iv)* मैदान में दो बैल और तीन गायें चर रहे हैं।

## GROUP—B (खण्ड—ख)

*( पूर्णांक : 50 )*

**6.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दो : 1×6=6

(क) विदेशी महिलाओं ने नीलकंठ को क्या उपाधि दी थी?

(ख) महादेवी वर्मा ने अपनी पालतू बिल्ली का क्या नाम रखा था?

(ग) किस भाषा में पत्र को 'ख़त' कहा जाता है?

(घ) महात्मा गाँधी और रवीन्द्रनाथ टैगोर के बीच सन् 1915 से 1941 के मध्य हुए पत्राचार का संग्रह किस नाम से प्रकाशित हुआ है?

(ङ) 'जो बीत गयी' शीर्षक कविता के रचयिता कौन हैं?

(च) कवि ने किसे ठोकर मारने की बात की है?



http://www.assamboard.com
http://www.assamboard.com
http://www.assamboard.com

**7.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दो : 3×4=12

(क) नीलकंठ ने साँप से शिशु खरगोश की रक्षा किस प्रकार की थी?

(ख) पाठ के आधार पर संचार के आधुनिक साधनों के नामों का उल्लेख करो।

(ग) कवि ने 'अंबर के आनन' को देखने की बात क्यों की है?

(घ) '''युद्धं देहि' कहे जब पामर,
दे न दुहाई पीठ फेर कर!''
—का आशय क्या है?

http://www.assamboard.com

http://www.assamboard.com

**8.** निम्नलिखित प्रश्नों के सम्यक् उत्तर दो : 4×2=8

(क) बड़े मियाँ चिड़ियावाले ने ड्राइवर को रुकने का संकेत देकर महादेवी जी से क्या कहा था?

*अथवा*

अपने शब्दों में नीलकंठ के रूप-रंग का वर्णन करो।

(ख) 'जो बीत गयी' अथवा 'कायर मत बन' शीर्षक कविता के संदेश को स्पष्ट करो।

**9.** निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखो : 8

(क) खेल-कूद का महत्त्व

(ख) अपनी प्रिय पुस्तक

(ग) श्रीमंत शंकरदेव

(घ) हिन्दी भाषा की जानकारी से होने वाले लाभ



http://www.assamboard.com

**10.** चरित्र-संबंधी प्रमाण-पत्र देने के लिए अपने स्कूल के प्रधानाचार्य को एक प्रार्थना-पत्र लिखो। 5

*अथवा*

अपने जीवन के लक्ष्य के बारे में बताते हुए अपने मामाजी को एक पत्र लिखो।

**11.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दो :

स्वावलम्बन अथवा आत्मनिर्भरता दोनों का वास्तविक अर्थ एक ही है—अपने सहारे रहना अर्थात् अपने-आप पर निर्भर रहना। ये दोनों शब्द स्वयं परिश्रम करके सब प्रकार के दुःख-कष्ट सहकर भी अपने पैरों पर खड़े रहने की शिक्षा और प्रेरणा देने वाले शब्द हैं। यह हमारी विजय का प्रथम सोपान है। इस पर चढ़कर हम गतव्य-पथ पर पहुँच पाते हैं। इसके द्वारा ही हम सृष्टि के कण-कण को वश में कर लेते हैं। गाँधीजी ने भी कहा है कि वही व्यक्ति सबसे अधिक दुःखी है, जो दूसरों पर निर्भर करता है।

*प्रश्नावली* :

(क) प्रस्तुत गद्यांश का एक उपयुक्त शीर्षक दो। 1

(ख) आत्मनिर्भरता का वास्तविक अर्थ क्या है? 1

(ग) स्वावलम्बन शब्द हमें किस प्रकार की शिक्षा और प्रेरणा देता है? 2

(घ) हमारी विजय का प्रथम सोपान क्या है? 1

(ङ) गाँधीजी का कथन क्या है? 1

**12.** निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद हिन्दी में करो : 1×5=5

*(a)* The sun rises in the east.

*(b)* Hindi is the official language of India.



http://www.assamboard.com
http://www.assamboard.com
http://www.assamboard.com

(c) Always speak the truth.

(d) There is a tree in front of our school.

(e) We should not misuse the mobile phone.

★★★

http://www.assamboard.com
http://www.assamboard.com
http://www.assamboard.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से

http://www.assamboard.com